महत्वपूर्ण एवं खास

धरना पर बैठे लोगों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

कोडरमा (आरएनएस)। कोडरमा थाना अंतर्गत केलगरमा गाव में साप्रदायिक तनाव के मुद्दे पर पुलिस की कार्रवाई से नाराज होकर धरना पर बैठे एक पक्ष के लोगों पर पुलिस ने की अहले सुबह लाठीचार्ज कर दी। सुबह 3:00 बजे धरना पर्व बैठे 100 से अधिक लोगों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर वहा से खदेड़ कर भगाया। इसमें कई लोगों को चोटें आई है। कुछ लोग अस्पताल में भर्ती है। मामले को लेकर गाव की सैकड़ों महिलाएं कोडरमा सदर अस्पताल पहुंच गई हैं यहा गेट पर ही सभी को रोक दिया गया है महिलाएं यहा जबरदस्त हंगामा कर रही है। अस्पताल में भर्ती लोगों से महिलाओं को मिलने नहीं दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि गत 25 मई से कोडरमा प्रखंड के कुल गरमा में दो समुदायों के बीच कई मुद्दों को लेकर साप्रदायिक तनाव की स्थिति है। इसमें एक पक्ष के लोग पुलिस की कार्रवाई से काफी नाराज चल रहे हैं।

कर्नाटक के तटीय इलाकों मेकुनु चक्रवात की दस्तक, रेड अलर्ट जारी

मंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक में मेकुनु चक्रवात समुद्री जिलों के निकट तक पहुंच गया है। चक्रवात से प्रभावित जिलों में प्रशासन को सतर्क कर दिया गया है। इस बाबत स्थानीय लोगों को भी हिदायत दी गई है। इसी के चलते नेशनल डिजाजस्टर मैनेंजमेंट अथॉरिटी ने कर्नाटक के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इसके तहत कर्नाटक के सुदूर पूर्व के इलाकों खासकर समुद्री इलाकों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। कर्नाटक के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अधिकारियों से बात की और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में सभी तरह की संभावित मदद पहुंच सके। उधर, दक्षिण कन्नड़ और उदुपी के तटीय जिलों में लगातार तीसरे दिन भी मूसलाधार बारिश जारी है। इससे निचले इलाके और यातायात पूरी तरह से प्रभावित हुआ है । यहां सड़कें डूब गई हैं। इससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो गया है।

बच्चे 'वेट लिफ्टर' नहीं, क्लास 2 तक न दें होमवर्क: हाई कोर्ट

चेन्नै (आरएनएस)। बच्चों को मौलिक और बुनियादी मानवाधिकार प्राप्त हैं। उन्हें अपने बचपन का आनंद उत्साहपूर्वक लेने दें। उन्हें तनाव न दें। ये बातें मद्रास हाई कोर्ट ने अपने एक आदेश में कही है। कोर्ट ने केंद्र से कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सीबीएसई स्कूलों में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) का कोर्स लागू हो। इतना ही नहीं कोर्ट ने यह भी कहा कि कक्षा दो तक के बच्चों को होमवर्क न दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि बच्चे कोई वेट लिफ्टर (वजन उठाने वाले) नहीं होते। उनके बैग सामान भरने वाले कंटेनर नहीं होते। बच्चों पर कई विषयों की पढ़ाई के नाम पर जरूरत से ज्यादा पढ़ाई का बोझ न डालें।

'आधार' के बिना काशी में भी नहीं मिलेगी मुक्ति

अंतिम संस्कार के लिए हुआ जरूरी

वाराणसी (आरएनएस)। जिंदगी के हर क्षेत्र में आधार कार्ड जरूरी हो गया है, चाहे वो मोबाइल फोन, रसोई गैस, बैंक या फिर सरकारी कोई कागजात हो। इन सबके बाद व्यक्ति को अब मरने के बाद भी आधार कार्ड की जरूरत होगी। जी हां, काशी के मणिकर्णिका व हरिश्चंद्र घाट पर अंतिम संस्कार के लिए आधार कार्ड को अनिवार्य किया गया है। इसलिए यदि आप किसी अपने के अंतिम संस्कार के लिए आ रहे हैं तो उनका आधार कार्ड भी अपने साथ रखिए। राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया बल (एनडीआरएफ) के सहयोग से काशी में नई व्यवस्था शुरू की है। शव वाहिनी मोटरबोट की सुविधा उसे ही मिलेगी, जिसके पास मृतक से संबंधित पहचान पत्र मौजूद हों। दरअसल, प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही मोदी ने वाराणसी में सबसे पहले मणिकर्णिका घाट के विकास व शव यात्रियों की सुविधाओं को लेकर दिलचस्पी दिखाई थी। मोदी की पहल पर गुजरात की सामाजिक संस्था सुधांशु मेहता फाउंडेशन आगे आई। फाउंडेशन की ओर से पहला शव वाहिनी स्टीमर 28 मार्च 2015 को मुफ्त उपलब्ध कराया गया, जिसका शुभारंभ केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली व संत मोरारी बापू ने किया था। फाउंडेशन की ओर से वर्तमान में गंगा में चार शव वाहिनी स्टीमर की सुविधा दी गई है।

पत्नी को काली-कलूटी कहना तलाक का आधार, हाई कोर्ट से महिला को मिला इंसाफ

चंडीगढ़ (आरएनएस)। अगली बार अगर आप अपनी पत्नी को काली-कलूटी कहने की गलती करने वाले हैं, तो कई बार सोचिए। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने महेंद्रगढ़ की एक महिला से दुर्व्यवहार और क्रूरता के एक मामले में सुनवाई करते हुए उसे तलाक लेने की इजाजत दी है। दरअसल महिला का अपने पति से खाना न बनाने को लेकर विवाद हुआ था। लोगों की मौजूदगी में महिला ने अपने पति पर उसके रंग-रूप को लेकर गलत टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए तलाक की याचिका दाखिल की थी। इस अपील को अदालत ने स्वीकार कर लिया।

जकार्ता में बोले पीएम- आज के समझौतों से द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे

जकार्ता (आरएनएस)। तीन देशों की विदेश यात्रा के पहले पड़ाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया पहुंचे हैं। आज राजधानी जकार्ता में पीएम मोदी कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति भवन इस्ताना मडेंका पहुंचे, जहां राष्ट्रपति जोको विडोडो ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति भवन में पीएम मोदी को रेड कार्पेट वेलकम और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मडेंका में पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति जोको विडोडो की मौजूदगी में जकार्ता में दोनों देशों के बीच प्रतिनिधमंडल स्तर की बातचीत हुई। इस दौरान भारत और इंडोनेशिया के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। भारत और इंडोनेशिया ने साझा बयान जारी किया। पीएम मोदी ने इंडोनेशिया में आतंकी हमले पर दुख जताया। पीएम ने कहा कि आतंकवाद की लड़ाई में भारत इंडोनेशिया के साथ खड़ा है। हम हाल में ही हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हैं जिसमें कई मासूम लोगों की मौत हो गई। आतंकवाद से लड़ने के लिए विश्व स्तर पर किए जा रहे प्रयासों में और गति लाने की आवश्यकता है। पीएम ने साझा बयान जारी करते हुए कहा, 'हम एक जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। आतंकवाद से सभी देशो को मिलकर लड़ना होगा। हम अपने प्रयास दोगुने करेंगे। 'सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल' का मतलब 'सागर' है। व्यापार बढ़ाने के लिए दोगुने प्रयास करेंगे। आज के समझौतों से द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में आपसी सहयोग की जरुरत है।

गाजा में अब तक सबसे बड़ा हवाई हमला

अमेरिका ने बुलाई यूएन की बैठक

वाशिंगटन (आरएनएस)। गाजा की ओर से इजराय में हुए हवाई हमले को लेकर अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक आपात बैठक बुलाई है। बताया जा रहा है कि बैठक बुधवार को होगी। बता दें कि इससे पहले हाल ही में संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत निक्की हेली ने हवाई हमलों के लिए फिलिस्तीनियों की आलोचना की थी। निक्की हेली ने फिलिस्तीनियों को आतंकवादी कहकर बुलाया था। फिलिस्तीनियों की ओर से 2014 के बाद से गाजा में किया गया ये अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला है। फिलिस्तीनियों की ओर से दागे गए मोर्टार ने बहुत नुकसान पहुंचाया है। इसमें बच्चों की एक आंगनवाड़ी भी शामिल है।

बताया जाता है कि इस हमले में करीब 5 लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि हमास और अन्य अलगाववादी संगठनों की ओर से इजरायल में करीब 70 रॉकेट और मोर्टार दागे गए। इजरायली सेना ने भी कहा कि 2014 के बाद से यह अब तक का सबसे बड़ा हमला है। वहीं, हमले से पहले इजरायली सेना ने उत्तरी गाजा में हमास के एक चेकपॉइन्ट पर हमला किया।

रबर गोदाम आग पर 15 घंटे बाद भी काबू नहीं, एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर डाल रहे हैं पानी

नई दिल्ली (आरएनएस)। मंगलवार की शाम दिल्ली के मालवीय नगर के खिड़की एक्सटेन्शन में रबर के एक गोदाम में आग लग गई। आग पर काबू पाने का काम अभी जारी है। हादसे के बाद आस-पास के घरों को खाली करा लिया गया है। हादसे में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। वहीं दमकल कर्मियों की मानें तो अभी भी आग को पूरी तरह से काबू पाने में कुछ वक्त लग सकता है। इसके अलावा आग पर काबू पाने के लिए एयरफोर्सके हेलिकॉप्टर को भी तैनात किया गया है। मौके पर मौजूद डिप्टी चीफफायर ऑफिसर की मानें तो आग बुझाने में अभी 15 दमकल की गाड़ियों की मदद ली जा रही है। लेकिन आग पर काबू पाने में दो से तीन घंटे और लग सकते हैं। उन्होंने बताया कि सड़के संकरी होने के कारण गाड़ियों को पंहुचने में समय लग गया। गौरतलब है कि ये इलाका सेलेक्ट सिटी मॉल के नज़दीक का इलाका है। आग की वजह से उठे काले धुंए को दूर से ही देखा जा सकता है। स्थानीय लोगों की मानें तो आग पर कल मंगलवार को ही काबू पा लिया गया था। लेकिन शाम को तेज हवा के कारण आग फिर भी भड़क गई और भयावह होती चली गई। रात को ही मौते पर तीस गाड़ियां पहुंची थीं।

गौरी लंकेश मर्डर: एसआईटी ने नवीन कुमार को बनाया मुख्य आरोपी

बेंगलुरु (आरएनएस)। पत्रकार और ऐक्टिविस्ट गौरी लंकेश की हत्या के आठ महीने बाद केस की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने बुधवार को बेंगलुरु की एक अदालत में चार्जशीट दाखिल की। 661 पन्नों की इस चार्जशीट में नवीन कुमार को मुख्य आरोपी बनाया गया है। चार्जशीट के मुताबिक नवीन, गौरी लंकेश के हत्यारों को जानता था। इस मामले में जल्द ही अडिशनल चार्जशीट दाखिल की जाएगी। आरोपपत्र के मुताबिक प्रवीन ने गौरी लंकेश के घर की रेकी की थी और उसने शूटर्स को जानकारी मुहैया कराई थी। प्रवीण उर्फ सुचित इस मामले में गिरफ्तार दूसरा आरोपी है। हमारे सहयोगी न्यूज चैनल टाइम्स नाउ की रिपोर्ट के मुताबिक इस मर्डर केस में सबसे पहले केटी नवीन कुमार की गिरफ्तारी हुई। उसने हत्याकांड में प्रवीण की कथित भूमिका के बारे में एसआईटी को जानकारी दी थी। इसके बाद ही प्रवीण की गिरफ्तारी हुई। एसआईटी की चार्जशीट में कहा गया है, 'यह प्रमाणित हो चुका है कि प्रवीण ने नवीन के साथ कई बार राजराजेश्वरी नगर में स्थित गौरी लंकेश के घर का कई बार टोह ली थी।

बैंक हड़ताल: सड़क पर उतरे 10 लाख कर्मचारी, बैंकिंग व्यवस्था चरमराई

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश के सभी सरकारी बैंकों के अलावा कुछ निजी व विदेशी बैंकों के तकरीबन 10 लाख कर्मचारी बुधवार से दो दिनों की हड़ताल पर हैं। वेतन में वृद्धि की मांग को लेकर बैंक कर्मचारी सड़कों पर उतर आए हैं। विभिन्न राज्यों में इस हड़ताल का असर साफ दिखाई दे रहा है। सरकारी बैंकों और एटीएम पर ताले लग गए हैं।

एयरसेल मैक्सिस डील: अग्रिम जमानत के लिए दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचे पी. चिदंबरम

नई दिल्ली (आरएनएस)। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेताओं में शुमार पी. चिदंबरम को एयरसेल मैक्सिस डील मामले में गिरफ्तारी का डर सता रहा है। बुधवार सुबह ही पटियाला हाउस कोर्ट से मामूली राहत पाने के बाद पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने दोपहर में दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया। इस मामले की सुनवाई बुधवार को दोपहर दो बजे होगी। इससे पहले बुधवार सुबह पी. चिदंबरम ने दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी, हालांकि उन्हें कोर्ट ने फौरी राहत प्रदान करते हुए अगली सुनवाई तक कोई कार्रवाई नहीं करने की बात कही है। इस मामले में चिदंबरम की ओर से पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने अग्रिम जमानत के लिए बहस की। सुनवाई के दौरान इस मामले में कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा है, अब 5 जून को ईडी अपना जवाब दाखिल करेगा। वहीं, कोर्ट ने अगली सुनवाई तक पी. चिदंबरम को राहत प्रदान की है। हालांकि, कांग्रेस नेता को पांच जून को कोर्ट में पेश होना होगा और तब तक ईडी चिदंबरम के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगा। यहां पर बता दें कि दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट एयरसेल मैक्सिस डील मामले में पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम की अंतरिम जमानत 10 जुलाई तक बढ़ा चुका है।

छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म के दोषी को 7 की सजा

देहरादून (आरएनएस)। वसंत विहार इलाके में दो साल पूर्व छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म करने के दोषी युवक को विशेष न्यायाधीश पोक्सो रमा पांडेय की अदालत ने सात साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने 20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है, जिसे अदा न करने करने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। विशेष लोक अभियोजक भरत सिंह नेगी ने अदालत को बताया कि दो जुलाई 2016 को वसंत विहार थाने में कक्षा 11 में पढ़ने वाली एक छात्रा अचानक लापता हो गई थी। परिजनों की तहरीर पर तीन जुलाई को गुमशुदगी दर्ज की गई। पुलिस छात्रा की तलाश कर ही रही थी कि सात जुलाई को छात्रा वसंत विहार क्षेत्र से ही बरामद कर ली गई और उसे बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोपित अरशद खान पुत्र मो. असलम निवासी 136 गांधी ग्राम कांवली को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मेडिकल के उपरांत छात्रा को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया, जहां उसने बयान दिया कि अरशद उसे दिल्ली में नौकरी कर साथ रहने का झांसा देकर ले गया। वहां एक होटल में उसे तीन दिन तक रखा और इस दौरान उसके साथ दुष्कर्म किया।

केरल में मानसून आया लेकिन कर्नाटक में बाढ़ से लोगों का हाल बेहाल

नई दिल्ली (आरएनएस)। केरल में मानसून क्या आया, मौसम ने तो अपना मिजाज ही बदल लिया। केरल में मानसून आने के अगले दिन ही कर्नाटक के कई शहरों में प्री-मानसून बारिश से बाढ़ के हालात बन गए हैं। मंगलवार शाम को मैंगलोर में बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया। इससे लोगों के घरों और दुकानों में पानी भर गया। यहां मैंगलोर के कई इलाकों में पानी भर गया है। वहीं हूबली में तेज बारिश के बाद उत्पन्न हालात से राहत के लिए बचाव कार्य शुरू कर दिया है। मैंगलोर के पानांबुर में बारिश के साथ ही हवा भी चली। इलाकों में भरे पानी के चलते आस पास फंसे लोगों को नावों और अन्य साधनों के जरिए सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। मैंगलोर के साथ-साथ राज्य के हुबली में भारी बारिश हुई है।

स्कूल-कॉलेज बंद

राज्य में ऐहतियातन स्कूलों, कॉलेज और दुकानों को बंद करा दिया गया है। तेज हवाओं के कारण कई पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए हैं।

पाक में सिख धर्म गुरु की गोली मारकर हत्या

पेशावर (आरएनएस)। सिखों के एक विख्यात धर्म गुरु और मानवाधिकार कार्यकर्ता की पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर शहर में मंगलवार की गोली मार कर हत्या कर दी गई। चरणजीत सिंह (52) की खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शहर के बाहरी इलाके में स्कीम चौक स्थित उनकी दुकान में हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक सद्दार शौकत खान ने बताया कि एक हमलावर ने सिंह को दुकान के अंदर गोली मार दी और इसके बाद वह मौके से भाग गया। इस हत्याकांड के बाद अल्पसंख्यक समुदाय में दहशत है।

आतंकी घुसने की सूचना पर जम्मू में हाई अलर्ट

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू में आतंकियों के दल के घुसने की खुफिया सूचना पर जम्मू में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। शहर में सुरक्षाकर्मी नाके लगाकर वाहनों की जांच करने के अलावा होटल और धर्मशाला में ठहरे लोगों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। शहर के सभी प्रवेश द्वारों में चौकसी को बढ़ा दिया गया है। सभी संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बंदोबस्त पुख्ता कर दिया गया। एसएसपी जम्मू विवेक गुप्ता के अनुसार, सूचना के आधार पर जम्मू में सुरक्षा तंत्र मजबूत कर दिया गया है। समय-समय पर इस प्रकार की चेतावनी जारी होती रहती है।सूत्रों के अनुसार, खुफिया विंग मिलिट्री इंटेलिजेंस ने यह चेतावनी जारी की है कि मंदिरों के शहर जम्मू में हमला करने के मकसद से आतंकियों का दल घुसपैठ कर चुका है। आतंकी भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों के अलावा धार्मिक स्थलों और राजनेताओं को भी अपना निशाना बना सकते हैं। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए राज्य में सक्रिय सभी सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है। सीमांत क्षेत्रों में बीएसएफ (बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स) के अलावा सेना ने भी गश्त करनी शुरू कर दी है। पुलिस भी पूरा सहयोग दे रही है। राज्य पुलिस के आतंकवाद विरोधी दस्ते स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने शहर के गुजर नगर, इंद्रा चौक, शहीदी चौक में औचक नाके लगाकर वाहनों की जांच की। विदित हो कि वीरवार को जम्मू के मुख्य बस अड्डे में आतंकियों के ग्रेनेड हमले में दो पुलिसकर्मियों समेत तीन लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने तरीके मुजाहिदीन आतंकी संगठन के कुछ लोगों को पकड़ा है। कुछ दिनों पहले से सेना आतंकियों को जिंदा पकडने की मुहिम चला रखी है। दूसरी और आतंकी बन गए युवाओं को भी वापस लौटने में सेना मदद कर रही है।